लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 137, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 3 अप्रैल 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 MIDDLE

द डिनर गेम्स ने दर्शकों को गुदगुदाया

एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : फाइव एलीमेंट्स थिएटर नई दिल्ली के कलाकारों ने एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को 'द डिनर गेम्स' नाटक का मंचन किया।

नाटक की शुरुआत साप्ताहिक इडियट्स डिनर से होती है, जिसमें आइकॉनिक चैनल के मालिक मनीष सिंघानिया और उसके मित्र को भी पहुंचना है। डिनर में सभी लोग अपने साथ एक बेवकूफ को ले जाते हैं, जिसका अन्य मेहमान उपहास कर सकें। भोजन के बाद चैंपियन इडियट चुना जाता है। मनीष सिंघानिया इस डिनर के लिए इडियट की तलाश करता है, लेकिन हर बार उसकी बेवकूफी से कोई न कोई गड़बड़ हो जाती है, जिससे वह नई- नई मुसीबत में फंसता जाता है। यह परिस्थितियां दर्शकों को हंसाती हैं। नाटक में मनीष का किरदार रोबिन खन्ना, सुमन सौरभ की भूमिका फरदीन खान ने निभाई। निधि सक्सेना ने पूजा, आशा सिंह ने कामना, अभिनव ने डा. कपूर, भरत ने सूरज, मानव मेहरा ने कृष्णा, विशाल वर्मा ने करीम की भूमिका निभाई। सभी कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। नाटक में मानसी मेहता ने संगीत दिया और नीरज ने प्रकाश संयोजन की जिम्मेदारी निभाई। नाटक का निर्देशन राखी मानव ने किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

- **मनीष का किरदार रोबिन खन्ना सुमन सौरभ की भूमिका फरदीन खान ने निभाई**
- **नाटक का निर्देशन राखी मानव ने किया, संगीत मानसी मेहता ने दिया**